तापमान

भोपाल	26.0°	33.0°
इंदौर	24.0°	34.0°
जबलपुर	26.0°	34.0°
ग्वालियर	28.0°	36.0°
सागर	25.0°	33.0°

नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 228, पृष्ठ 12)
आषाढ़, शुक्ल तृतीय संवत् 2083
शुक्रवार, 17 जुलाई 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naiduniaonline.com
भोपाल संस्करण
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

राजधानी... मध्यप्रदेश में बढ़ेगा कपड़ा उत्पादन तीन लाख ...

व्यापार... एक साल से भी कम समय में ग्रो ने मारी बाजी, दर्ज ...

खेल... पिता के त्याग ने मेरे सपनों को दी उड़ानः सोनम ...

देश-विदेश... भारत समेत 5 देशों पर 100 प्रतिशत टैक्स...

नीट यूजी 2026 का परिणाम जारी, 11.21 लाख अभ्यर्थी सफल

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नीट यूजी 2026 का परिणाम घोषित कर दिया है। इस वर्ष 11.21 लाख अभ्यर्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पात्रता हासिल की है। पेपर लीक के बाद दोबारा आयोजित परीक्षा में देश और विदेश के करीब 20 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। परीक्षा 551 भारतीय और 14 विदेशी शहरों के 5,440 केंद्रों पर आयोजित की गई। इस बार पंजाब और हरियाणा के विद्यार्थियों ने शीर्ष रैंक हासिल की है। एनटीए के अनुसार, सफल अभ्यर्थियों में 58 प्रतिशत से अधिक छात्राएं हैं, जिनकी सफलता दर छात्रों से अधिक रही। परिणाम जारी होने के साथ अब एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (एमसीसी) तथा राज्य स्तरीय एजेंसियां जल्द काउंसलिंग कार्यक्रम जारी करेंगी। अभ्यर्थियों को आवश्यक दस्तावेज तैयार रखने और आधिकारिक वेबसाइट पर नियमित नजर बनाए रखने की सलाह दी गई है।

जगन्नाथ रथ यात्रा में भगदड़, एक श्रद्धालु की मौत

- पुरी में लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच बिगड़े हालात
- सैकड़ों लोगों की तबीयत खराब; पुलिस और बचाव दल ने समय रहते संभाला मोर्चा

नईदुनिया ब्यूरो, पुरी : भगवान जगन्नाथ की विश्वप्रसिद्ध रथ यात्रा के दौरान गुरुवार को भारी भीड़, गर्मी और उमस के कारण भगदड़ जैसे हालात बन गए। इस दौरान एक श्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। प्रशासन के अनुसार समय पर बचाव अभियान चलाए जाने से कई लोगों की जान बचाई जा सकी। रथ यात्रा में लाखों श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के दर्शन के लिए ग्रैंड रोड पर एकत्र हुए थे। दोपहर के समय भीड़ के बीच एक श्रद्धालु के बेहोश होने से अफरा-तफरी मच गई। बचाव दल ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। ओडिशा पुलिस, फायर एंड इमरजेंसी सर्विस तथा विशेष बचाव इकाइयों ने पूरे मार्ग पर लगातार राहत अभियान चलाया। भीड़ में फंसे और बेहोश हुए श्रद्धालुओं को स्ट्रेचर व एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस के अनुसार गर्मी, उमस और अत्यधिक भीड़ के कारण बड़ी संख्या में लोगों को चिकित्सकीय सहायता की आवश्यकता पड़ी। अस्पतालों में ऑक्सीजन, प्राथमिक उपचार और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं।

खास-खबरें

प्रधानमंत्री ने रथ यात्रा पर दी शुभकामनाएं

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान जगन्नाथ की पवित्र रथ यात्रा के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि रथ यात्रा भारत की शाश्वत आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत की उत्कृष्ट अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि रथ यात्रा से जुड़ी परंपराओं ने भारत ही नहीं, बल्कि विश्वभर में पीढ़ियों को प्रेरित किया है। यह विनम्रता, सामूहिक भागीदारी और निस्वार्थ सेवा की भावना का प्रतीक है।

राज्यसभा से कोयल मलिक का इस्तीफा

नईदुनिया ब्यूरो, कोलकाताः तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की राज्यसभा सांसद एवं अभिनेत्री कोयल मलिक ने गुरुवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन को अपना इस्तीफा सौंपा। इस्तीफे के बाद वह केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से भी मिलीं, जिससे उनके राजनीतिक भविष्य को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। बताया जा रहा है कि बंगाल विधानसभा चुनाव में टीएमसी की हार के बाद पार्टी में असंतोष बढ़ा है।

प्रियंका के नाम पर मंत्री बनाने का झांसा

नईदुनिया ब्यूरो, तिरुवनंतपुरमः कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के कार्यालय के नाम पर विधायकों से ठगी का प्रयास सामने आया है। एक फर्जी कॉलर ने खुद को प्रियंका गांधी के कार्यालय का कर्मचारी बताते हुए कांग्रेस विधायक से राज्य मंत्रिमंडल में मंत्री बनाने के बदले तीन करोड़ रुपये की मांग की। अलाथुर से विधायक विद्या बालकृष्णन ने कॉल पर संदेह होने के बाद पार्टी नेतृत्व को सूचना दी और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

संसद में 'चंदा चोरी' का मुद्दा उठाएगी कांग्रेस

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः संसद के मानसून सत्र से पहले कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में पार्टी ने सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरने की रणनीति तैयार की। सोनिया गांधी की अध्यक्षता में हुई बैठक में राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया। बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि पार्टी संसद में राम मंदिर 'चंदा चोरी' प्रकरण, ई-20 घोटाले के आरोप, परिसीमन विधेयक, खाद्य सुरक्षा कानून में प्रस्तावित संशोधन, विदेश नीति और पश्चिम एशिया की स्थिति जैसे मुद्दे उठाएगी।

ईडी की घुसपैठ नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों की कथित अवैध घुसपैठ, मनी लॉन्ड्रिंग और टेरर फंडिंग से जुड़े मामले में 13 ठिकानों पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान 40 लाख रुपये नकद, 180 ग्राम सोने के सिक्के, डिजिटल उपकरण और कई अहम दस्तावेज जब्त किए गए। गिरोह अवैध रूप से लोगों को भारत लाकर उनके लिए आधार, पैन और पासपोर्ट जैसे फर्जी दस्तावेज तैयार करता था।

अमेरिका-ईरान संघर्ष के बीच बढ़ते सुरक्षा खतरे के मद्देनजर केंद्र की एडवाइजरी

होर्मुज मार्ग से गुजरने वाले जहाजों पर भारतीय नाविकों की तैनाती पर रोक

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव तथा स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में व्यापारिक जहाजों पर लगातार हो रहे हमलों को देखते हुए भारत सरकार ने शिपिंग कंपनियों के लिए सख्त एडवाइजरी जारी की है। डायरेक्टरेट जनरल ऑफ मैरीटाइम एडमिनिस्ट्रेशन ने निर्देश दिया है कि अगले आदेश तक होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले किसी भी जहाज पर भारतीय नाविकों की तैनाती न की जाए।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि भारतीय नाविकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। एडवाइजरी में शिप ओनर्स, शिप मैनेजर्स और भर्ती एजेंसियों से कहा गया है कि वे फारस की खाड़ी और होर्मुज क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरतें तथा अंतरराष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा मानकों (आईएसपीएस कोड) का कड़ाई से पालन करें। किसी भी आपात स्थिति में भारतीय नौसेना और संबंधित समुद्री नियंत्रण केंद्रों से तत्काल संपर्क करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

हाल के दिनों में इस क्षेत्र में व्यापारिक जहाजों पर हुए हमलों में भारतीय नागरिक भी प्रभावित हुए हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार अब तक 14 भारतीयों की जान जा चुकी है, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं।

'एमटी अल बहिया' और 'मटी मोम्बासा' जैसे वाणिज्यिक जहाजों पर हुए हमलों के बाद भारत ने इन घटनाओं पर कड़ा विरोध दर्ज कराया था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सरकार ने 'नाविक प्रथम' अभियान भी शुरू किया है। इसके तहत पश्चिम एशिया में कार्यरत भारतीय नाविकों की निगरानी, समन्वय और आपात सहायता के लिए 24 घंटे हेल्पलाइन की व्यवस्था की गई है।

अमेरिका-ईरान संघर्ष तेज, अस्पताल पर हमले के दावों से बढ़ा तनाव

तेहरान। अमेरिका और ईरान के बीच जारी सैन्य संघर्ष के बीच तनाव और बढ़ गया है। अमेरिकी हमलों के दौरान एक अस्पताल परिसर को नुकसान पहुंचा, जिससे इलाज करा रहे मरीजों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाना पड़ा। वहीं, ईरान ने यह भी दावा किया है कि उसने अपनी वायु रक्षा प्रणाली से एक अमेरिकी एमक्यू-9 ड्रोन को मार गिराया। इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। रिपोर्टों के अनुसार, ईरान के कई शहरों और सामरिक ठिकानों पर हमले किए गए, जिनमें राजधानी तेहरान के आसपास के क्षेत्र भी शामिल बताए गए हैं। ईरानी अधिकारियों ने ताजा हमलों में कई लोगों के मारे जाने और बड़ी संख्या में घायल होने का दावा किया है। दूसरी ओर, ईरान समर्थित सैन्य बलों ने खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी हितों को निशाना बनाने की बात कही है। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया है कि यदि कूटनीतिक समाधान नहीं निकलता है तो सैन्य कार्रवाई और तेज की जा सकती है। वहीं, ईरान ने चेतावनी दी है कि हमले जारी रहने पर वह अपने जवाबी कदम जारी रखेगा। लगातार बढ़ते सैन्य तनाव के कारण पश्चिम एशिया की सुरक्षा स्थिति और वैश्विक समुद्री व्यापार को लेकर चिंताएं गहरा रही हैं।

बंगाल की खाड़ी में दो नाव लापता 500 से अधिक की मौत की आशंका

रखाइन, एजेंसी : म्यांमार के पश्चिमी तट के निकट बंगाल की खाड़ी में दो नावों के लापता होने के बाद 500 से अधिक लोगों के डूबने की आशंका जताई गई है। संयुक्त राष्ट्र की शरणार्थी एजेंसी और अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन के संयुक्त बयान के अनुसार, दोनों नावों में सवार अधिकांश यात्री रोहिंग्या समुदाय के थे, जो म्यांमार में जारी हिंसा और असुरक्षा से बचकर सुरक्षित देशों की ओर जा रहे थे। पहली नाव में लगभग 250 लोग सवार थे, जिससे रवाना होने के कुछ समय बाद ही संपर्क टूट गया। दूसरी नाव में करीब 280 यात्री थे और आशंका है कि वह 8 जुलाई को म्यांमार के अयेयारवाडी तट के पास खराब मौसम के कारण डूब गई। दोनों घटनाओं में बड़ी संख्या में लोगों के लापता होने की सूचना है और मृतकों की संख्या 500 से अधिक हो सकती है।

रोहिंग्या म्यांमार के रखाइन राज्य का मुस्लिम अल्पसंख्यक समुदाय है, जिसे दशकों से हिंसा, भेदभाव और नागरिकता संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वर्ष 1982 के नागरिकता कानून के बाद बड़ी संख्या में रोहिंग्या नागरिकता से वंचित हो गए। 2017 में म्यांमार में हुई हिंसा के बाद लाखों लोग बांग्लादेश सहित अन्य देशों में शरण लेने को मजबूर हुए।

बिना टिकट यात्रा पर विवाद, टीटीई से मारपीट

नईदुनिया ब्यूरो, झांसीः हजरत निजामुद्दीन-एर्नाकुलम मंगला एक्सप्रेस में टिकट जांच के दौरान बिना वैध टिकट यात्रा कर रही एक महिला ने महिला टीटीई अंजली प्रजापति के साथ कथित तौर पर मारपीट कर दी। घटना ग्वालियर और वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन के बीच हुई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। महिला ने टीटीई के बाल पकड़कर हाथापाई की, जिससे उनका हैंड हेल्ड टर्मिनल भी क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलने पर झांसी स्टेशन पर आरपीएफ और जीआरपी ने आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया। झांसी जीआरपी ने जीरो एफआईआर दर्ज कर मामला ग्वालियर जीआरपी को भेज दिया है।

धार के पीएम मित्र पार्क के 90 प्रतिशत भूखंड आवंटित

- भारत टेक्स 2026 में मिले 1,592 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि धार जिले में विकसित किया जा रहा पीएम मित्र पार्क देश का सबसे बड़ा गारमेंट सेक्टर पार्क बनकर उभर रहा है। उन्होंने बताया कि पार्क के 90 प्रतिशत भूखंडों का आवंटन पूरा हो चुका है, जो राज्य की औद्योगिक नीतियों और निवेशकों के बढ़ते विश्वास का प्रमाण है।

नई दिल्ली में आयोजित भारत टेक्स 2026 के दौरान मीडिया से चर्चा में मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्क के आसपास भी उद्योग स्थापित करने के लिए निवेशकों की ओर से लगातार भूमि की मांग की जा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि भारत टेक्स 2026 में टेक्सटाइल क्षेत्र में 1,592 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनसे लगभग 15,700 लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश कपास उत्पादन, धागा निर्माण, गारमेंट निर्माण और निर्यात की पूरी वैल्यू चेन उपलब्ध कराने वाले चुनिंदा राज्यों में शामिल है। प्रदेश जैविक कपास उत्पादन में भी अग्रणी है और 'फार्म टू फैशन' मॉडल पर तेजी से कार्य कर रहा है। डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश से टेक्सटाइल एवं गारमेंट क्षेत्र का निर्यात 11,750 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में राज्य में 43 हजार से अधिक एमएसएमई इकाइयां संचालित हैं और इस क्षेत्र में 2,400 करोड़ रुपये के निवेश से तीन लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिल रहा है। धार के पीएम मित्र पार्क में 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक निवेश और 30 बड़ी कंपनियों के आने की संभावना है, जिससे क्षेत्रीय विकास के साथ कपास उत्पादक किसानों को भी लाभ मिलेगा।

निवेश संवाद से 27,592 रोजगार सृजन की संभावना

मध्यप्रदेश को नई दिल्ली में आयोजित भारत टेक्स-2026 और 'इंटरैक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज इन मध्यप्रदेश' के दौरान कुल 20,193 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन निवेशों से लगभग 27,592 प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निवेशकों को जनवरी 2027 में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भाग लेने का आमंत्रण देते हुए कहा कि प्रदेश उद्योगों के लिए अनुकूल नीतियां, बेहतर अधोसंरचना और त्वरित प्रशासनिक सहयोग उपलब्ध करा रहा है।

भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन आज से होगी संचालित

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः भारतीय रेलवे 17 जुलाई से देश की पहली हाइड्रोजन फ्यूल-सेल ट्रेन का संचालन शुरू करने जा रहा है। हरियाणा के जींद रेलवे स्टेशन से शुरू होने वाली यह ट्रेन जींद-सोनीपत रेलखंड पर चलेगी। इसके साथ ही भारत हाइड्रोजन ईंधन से ट्रेन संचालन करने वाले चुनिंदा देशों की सूची में शामिल हो जाएगा।

यह ट्रेन 1200 किलोवाट क्षमता वाले हाइड्रोजन फ्यूल-सेल प्रोपल्शन सिस्टम से संचालित होगी और इसकी अधिकतम गति 75 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। दस कोच वाली इस ट्रेन में एक बार में 682 यात्री यात्रा कर सकेंगे। ट्रेन सामान्य रेलवे पटरियों पर ही चलेगी और इसके लिए अलग ट्रैक की आवश्यकता नहीं होगी।

रेल मंत्रालय के अनुसार, ट्रेन के लिए जींद में ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन एवं रीफ्यूलिंग केंद्र स्थापित किया गया है। यहां इलेक्ट्रोलिसिस प्रक्रिया के जरिए पानी से हाइड्रोजन तैयार कर उसे उच्च दबाव वाले टैंकों में संग्रहित किया जाएगा और वहीं से ट्रेन में ईंधन भरा जाएगा। फ्यूल-सेल तकनीक में हाइड्रोजन और ऑक्सीजन की रासायनिक प्रक्रिया से बिजली उत्पन्न होती है, जिससे ट्रेन संचालित होती है। इस प्रक्रिया में धुआं नहीं निकलता, बल्कि केवल पानी की भाप उत्सर्जित होती है।

यह परियोजना राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के तहत स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। रेलवे का लक्ष्य भविष्य में ऐसे मार्गों पर भी हाइड्रोजन ट्रेनों का संचालन बढ़ाना है, जहां अभी विद्युतिकरण नहीं हुआ है। इससे डीजल पर निर्भरता कम होगी और कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आएगी।

ई-20 विवाद में कंपनी भरेगी मुआवजा

नईदुनिया ब्यूरो, रायपुरः *रायपुर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग ने ई-20 पेट्रोल से जुड़े एक मामले में वाहन मालिक के पक्ष में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कार निर्माता और डीलरशिप को नई कार देने या वाहन की पूरी कीमत लौटाने का निर्देश दिया है। आयोग ने साथ ही मानसिक पीड़ा और कानूनी खर्च के लिए भी मुआवजा देने का आदेश दिया है। इस फैसले को ई-20 पेट्रोल से जुड़े उपभोक्ता अधिकारों के संदर्भ में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। शिकायतकर्ता डॉ. प्रेमराज डेब्टा ने वर्ष 2024 में एक स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड एसयूवी खरीदी थी। उनका आरोप था कि कुछ महीनों बाद वाहन में बार-बार इंजन और हाइब्रिड सिस्टम से जुड़ी खराबियां आने लगीं। अधिकृत सर्विस सेंटर में कई बार मरम्मत के बावजूद समस्या दूर नहीं हुई। बाद में कंपनी ने कथित रूप से इंजन बदलने की सलाह देते हुए लगभग 5.30 लाख रुपये का खर्च बताया और इसे वारंटी के दायरे से बाहर बताया।*

जाति प्रमाणपत्र विवाद में मंत्री बागरी को राहत

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी को जाति प्रमाणपत्र विवाद में बड़ी राहत मिली है। राज्य स्तरीय जाति प्रमाणपत्र छानबीन समिति ने जांच पूरी करने के बाद उनके अनुसूचित जाति प्रमाणपत्र को वैध घोषित करते हुए शिकायत खारिज कर दी है। समिति ने कहा कि उपलब्ध दस्तावेजों में उनके परिवार के राजपूत होने का कोई प्रमाण नहीं मिला, जबकि वर्ष 1950 से अब तक के राजस्व अभिलेख, वंशावली, शैक्षणिक रिकॉर्ड, निर्वाचन दस्तावेज और अन्य सरकारी रिकॉर्ड उनके परिवार की जाति 'बागरी' होने की पुष्टि करते हैं। यह मामला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार की शिकायत के बाद सामने आया था। हाईकोर्ट के निर्देश पर समिति ने सभी पक्षों को सुनने और दस्तावेजों की जांच के बाद अपना निर्णय दिया। समिति ने कहा कि शिकायतकर्ता यदि इस फैसले से असहमत हैं तो वे सक्षम न्यायिक मंच पर इसे चुनौती देने के लिए स्वतंत्र हैं।

कार्रवाई *छात्रों को कथित रूप से 'कलमा' और 'सूरह फातिहा' याद करने का कार्य देने का मामला...*

धार्मिक होमवर्क के विवाद में शिक्षिका बर्खास्त

नईदुनिया ब्यूरो, हैदराबाद : तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के सईदाबाद स्थित एक निजी स्कूल में दूसरी कक्षा के छात्रों को कथित रूप से धार्मिक पाठ होमवर्क के रूप में दिए जाने का मामला विवाद का विषय बन गया। एक छात्र के अभिभावकों की आपत्ति के बाद स्कूल प्रबंधन ने संबंधित शिक्षिका शेख आयशा परवीन को तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया।

जानकारी के अनुसार, सईदाबाद स्थित 'सक्सेस, द स्कूल' में कार्यरत शिक्षिका पर आरोप है कि उन्होंने दूसरी कक्षा के छात्रों को होमवर्क के रूप में 'कलमा' और 'सूरह फातिहा' पढ़ने और याद करने के लिए कहा। आरोप है कि यह कार्य सभी विद्यार्थियों को दिया गया था, जिनमें विभिन्न धार्मिक पृष्ठभूमि के बच्चे भी शामिल थे। एक छात्र ने घर पहुंचकर अपने माता-पिता को होमवर्क के बारे में बताया, जिसके बाद अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन से शिकायत दर्ज कराई।

अभिभावकों का कहना था कि किसी भी छात्र पर उसकी धार्मिक आस्था से अलग किसी धार्मिक प्रार्थना या पाठ को पढ़ने का दबाव नहीं डाला जाना चाहिए। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। शिकायत के बाद स्कूल प्रबंधन ने मामले की समीक्षा की और संबंधित शिक्षिका को सेवा से हटाने का निर्णय लिया। स्कूल द्वारा जारी बर्खास्तगी पत्र में कहा गया कि शिक्षिका की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त की जाती हैं।

साथ ही उन्हें भविष्य में संस्थान के किसी भी शैक्षणिक परिसर में नियुक्ति के लिए अयोग्य घोषित किया गया है।

इस मामले ने सोशल मीडिया पर भी व्यापक चर्चा बटोरी। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान में विद्यार्थियों पर धार्मिक गतिविधियां या प्रार्थनाएं थोपना उचित नहीं है। उन्होंने स्कूल प्रबंधन की कार्रवाई का स्वागत करते हुए इसे प्रारंभिक कदम बताया।

हालांकि, इस मामले में संबंधित शिक्षिका की ओर से सार्वजनिक रूप से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। वहीं, स्कूल प्रबंधन ने कहा है कि संस्थान सभी छात्रों के प्रति समान व्यवहार और संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में ऐसी स्थिति न उत्पन्न हो, इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।